वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2014-15

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

ए–13, सैक्टर–1, नौएडा - 201 301, जिला- गौतमबुद्धनगर (उ० प्र०)

INLAND WATERWAYS AUTHORITY OF INDIA

A-13, Sector-1, NOIDA-201 301, Distt. Gautam Budh Nagar (U.P.)

वार्षिक रिपोर्ट
2014 - 15

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
पोत परिवहन मंत्रालय

मुख्यालय : ए–13, सैक्टर–1, नौएडा–201 301 जिला– गौतमबुद्धनगर (उ0 प्र0)
दूरभाष सं0 : 0120–2544036, 2543972 ; फैक्स सं0 0120–2543973, 2521764
ई–मेल : iwainoi@nic.in,वेबसाइट : www.iwai.nic.in

प्राधिकरण के सदस्य (2014–15 के दौरान)

		दूरभाष सं.	फैक्स सं.
अध्यक्ष	**श्री अमिताभ वर्मा,** भा. प्र. से.	0120-2543972	0120-2543973
सदस्य	**डा. श्रीमती टी. कुमार,** भा. प्र. से. विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, पोत परिवहन, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय	011-23710140	011-23715195
सदस्य	**सुश्री जयश्री मुखर्जी,**भा. प्र. से. उपाध्यक्ष (7.10.2014 तक)	0120-2544009	0120-2544009
सदस्य	**श्री आर. पी. एस. कहलन,** भा. प्र. से. अध्यक्ष, कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट कोलकाता	033-22205370	033-22208226
सदस्य	**श्री सी. बी. सिंह** सलाहकार पोत परिवहन मंत्रालय	011-2376619	011-23350648
सदस्य	**श्री प्रवीर पाण्डेय,** भा.ले.प. एवं ले.से. सदस्य (वित्त), भा. अ. ज. प्रा.	0120-2544004	0120-2543976
सदस्य	**श्री आर. पी. खरे,** सदस्य (तकनीकी), भा. अ. ज. प्रा.	0120-2521664	0120-2544041

अन्य विवरण

		दूरभाष सं.
सचिव	**श्रीमती त. साई अमूथा देवी,** भा.डा. एवं तार, वि. एवं ले.से.	0120–2544036
अंकेक्षक	**भारत के लेखा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक**	011–23235793
बैंकर्स	**सिंडीकेट बैंक** परिवहन भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001	011–23717573
	सिंडीकेट बैंक सैक्टर–18, नौएडा–201301	0120–2514381
	केनरा बैंक सैक्टर–1, नौएडा–201301	0120–2529163
	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सैक्टर–2, नौएडा–201 301	0120–2511426

क्षेत्रीय कार्यालय

	दूरभाष सं.	फैक्स सं.
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण गायघाट टर्मिनल –सह कार्यालय, गुलजारबाग, पटना–800007 (बिहार)	0612-2630112 0612-2630005 0612-2630114	0612–2630100
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण पी–78, गार्डन रीच रोड, कोलकाता– 700043 (पश्चिम बंगाल)	033–24390393 033–24395577 033–24396055	033–24395570 033–24391710
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण पांडु पोर्ट काम्प्लैक्स, पांडु, गुवाहाटी– 781012 (असम)	0361–2570109 0361–2676925 0361–2676927 0361–2676929	0361–2570099 0361–2570055
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण राष्ट्रीय जलमार्ग रोड, एन0 एच0 47 बाइपास, कन्नाडिकाडू मरदू, एर्नाकुलम – 682304 (केरल)	0484–2295064 0484–2389804	0484–2389445

उप–कार्यालय / ईकाईयाँ

	दूरभाष सं.	फैक्स सं.
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण 360 / एफ / 44, नवाब यूसुफ रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद– 211 006 (उ0 प्र0)	0532–2561151 0532–2560537	0532–2561152
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण 52, द्वितीय तल, पटेल नगर, नदेसर, वाराणसी – 221 002 (उ0 प्र0)	0542–2505329	0542–2505329
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण नवीन गांगुली रोड, दुर्गा स्थान (मंदिर घाट), भागलपुर –821 001 (बिहार)	0641–2400651	0641–2400651
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ऑफिस बिल्डिग संख्या–1, एफबीपी ऑफिस काम्प्लैक्स, पी0 ओ0– फरक्का बैरेज, जिला–मुर्शिदाबाद–742 212 (पश्चिम बंगाल)	03485–255809	03485–255809
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण फकीरतला, पी0 ओ0–महेशगंज, स्वरूपगंज, नदिया–741 315 (पश्चिम बंगाल)	09830508079	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण दुर्गाबाड़ी रोड टिनियाली, ए. टी. रोड, नालियापूल, डिब्रूगढ़ – 786 001	0373–2302540	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण धुब्री टर्मिनल, फ्री इंडिया घाट, धुब्री–786 005	03662–298111	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण आई.डब्लू.टी. टर्मिनल सह ऑफिस कॉम्प्लेक्स आश्रमम, नियर ईएसआई अस्पताल, कोल्लम–691 002	0474–2766460	

उप–कार्यालय / ईकाईयाँ

	दूरभाष सं.	फैक्स सं.
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण एफ–14, आईएमयू कैम्पस, ईस्ट कोस्ट रोड, उथंडी चेन्नई–600119 (तमिलनाडु)	08056079757	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण परिसर संख्या–191, प्रथम तल, बाया–बाबामठ लेन यूनिट संख्या– 9, राधाकृष्ण मंदिर के सामने, भुवनेश्वर– 751022	09830216848 09952974150	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण आईडब्लूएआई एक्जीक्यूटिव क्वार्टर (बी–1), के. ई. बंगलो कंपाउंड, स्टेट गेस्ट हाउस रोड, गवर्नरपेट विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश– 520002	0866–2575123	

1. अन्तर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र (अ0 ज0 प0)–सामान्य सूचना

(i) रेलवे, सड़क परिवहन, तटीय नौवहन, अन्तर्देशीय जल परिवहन, पाइपलाइन और वायु परिवहन युक्त परिवहन क्षेत्र किसी भी देश के आर्थिक विकास हेतु अहम अवसंरचना है। एक विकसित परिवहन प्रणाली मल्टीमॉडल नेटवर्क में परिवहन की ईष्टतम लागत को मामला दर मामला आधार पर सभी मॉडलों की शक्तियों का प्रयोग करते हुए संभव बनाती है। ऐसे गलियारों में जहां अन्तर्देशीय जल परिवहन को तुलनात्मक रूप से बड़े आकार के नौचालन चैनल के साथ विकसित कर इन्हें तकनीकी– वाणिज्यिक व्यवहार्य बनाया जा सकता है, वहां ये लागत प्रभावी, पर्यावरण सुलभ और ईंधन दक्ष परिवहन साधन प्रदान कर सकते हैं, विशेषकर इसका प्रयोग भारी मात्रा में सामानों, संकटपूर्ण कार्गो और अति बड़े आकार के कार्गो के लिए किया जा सकता है। कुछ विकसित देशों (जैसे अमेरिका, चीन और अनेक यूरोपीय देशों में) जहां अन्तर्देशीय जल परिवहन (आई डब्लू टी) क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, वे अपनी अर्थव्यवस्थाओं के विकास में इसका काफी उपयोग कर रहे हैं।

(ii) भारत में अनेक नदियां, नहरें, संकरी खाड़ी और बैकवाटर है, जिन्हें लागत प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल परिवहन साधन के रूप में उपयोग में लाने की काफी संभावनाएं हैं। 20वीं शताब्दी के प्रारंभ तक आईडब्लूटी को देश के विभिन्न भागों में परिवहन के महत्वपूर्ण साधन के रूप में प्रयोग किया गया था। तथापि, सड़कों और रेलवे के तीव्र विकास, देश में थोड़े औद्योगिक विकास, सहित अनेक कारणों से अन्तर्देशीय जल परिवहन इत्यादि के अनुरक्षण और विकास पर काफी कम ध्यान दिया गया, अनेक जलमार्ग, रेल और सड़क साधनों की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक रूप से पीछे रह गए। आज आईडब्लूटी की महत्ता केवल कुछ क्षेत्रों में है जैसे असम, गोवा, मुम्बई, पश्चिम बंगाल, केरल और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ छोटे ज्वारीय क्षेत्र ।

(iii) अपर्याप्त अवसंरचनात्मक सुविधाएं जैसे वर्ष भर प्रचालन हेतु आईडब्लूटी जलयानों की आवाजाही हेतु आवश्यक गहराई और चौड़ाई, कार्गो के लदान और ढुलाई के लिए टर्मिनल और सड़क/रेल के साथ संपर्क, दिन और रात के दौरान सुरक्षित और अबाधित नौवहन हेतु नौवहन सहायता और आईडब्लूटी जलयानों की कमी कुछ ऐसी मुख्य बाधाएं हैं, जिनका सामना अन्तर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र द्वारा किया जा रहा है। पर्याप्त आईडब्लूटी आवाजाही के लिए इस बात पर बल दिया जा रहा है कि आवश्यक अवसंरचना (मुख्यतः सरकारी वित्तपोषण) का निर्माण हो और इसके साथ–साथ मुख्यतः निजी क्षेत्र द्वारा आईडब्लूटी बेड़े में वृद्धि की जाए।

2. भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा.अ.ज.प्रा.) की भूमिका

भा.अ.ज.प्रा. अधिनियम, 1985 की धारा 14 के तहत भा.अ.ज.प्रा. ऐसे जलमार्गों के विकास और विनियमन के लिए अधिदिष्ट है जो राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में घोषित है। निम्नलिखित जलमार्गों को अब तक राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.) घोषित किया गया है :–

(i) रा.ज.–1–उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड और पश्चिम बंगाल राज्यों में गंगा–भागीरथी–हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया से इलाहाबाद तक–1620 कि0 मी0) 1986 में घोषित।

(ii) रा.ज.–2–असम राज्य में ब्रह्मपुत्र नदी (धुब्री से सदिया तक – 891 कि0 मी0) 1988 में घोषित।

(iii) रा.ज.–3–केरल राज्य में उद्योगमण्डल और चम्पाकारा कैनाल सहित पश्चिम तट कैनाल(कोट्टापुरम से कोल्लम तक) (205 कि0 मी0) 1993 में घोषित।

(iv) रा.ज.–4–आंध्रप्रदेश, तमिल नाडु और संघशासित प्रदेश पुडुचेरी राज्यों में गोदावरी और कृष्णा नदियों सहित काकीनाडा से पुडुचेरी कैनाल तक (1078 कि0 मी0) 2008 में घोषित।

(v) रा.ज.–5–पश्चिम बंगाल और उड़िसा राज्यों में ब्राह्मणी नदी और महानदी डेल्टा सहित पूर्व तट कैनाल (588 कि0 मी0) 2008 में घोषित।

(vi) इसके अलावा, भा.अ.ज.प्रा. सुन्दरवन जलमार्ग के भारतीय भाग का विकास और अनुरक्षण व्यापार और पारगमन हेतु भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल के अधीन कर रहा है, जिसके तहत एक देश का अन्तर्देशीय जलयान दूसरे देश के विनिर्दिष्ट मार्गों होकर चल सकता है।

3. राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास

3.1 नौवहन और नौचालन के लिए किसी जलमार्ग को व्यवहार्य बनाने हेतु तीन आधारभूत अवसंरचनात्मक आवश्यकताएं होती हैं। ये हैं –(i) निश्चित आकार के अन्तर्देशीय जलयानों के प्रचालन हेतु पर्याप्त गहराई और चौड़ाई के साथ नौचालन चैनल, (ii) दिवस और रात्रि नौचालन के लिए नौचालन संबंधी सहायताएं और (iii) सड़क /रेल सम्बद्धता के साथ माल/यात्री को चढ़ाने और उतारने सहित जलयानों की बर्थिंग मुहैया करने के लिए टर्मिनल।

3.2 राष्ट्रीय जलमार्ग सं0–1 और 2 विशिष्ट रूप से जलोढ़ नदियां हैं जिनमें मानसून और गैर मानसून महीनों के बीच गुम्फन, टेढ़े–मेढ़े चलने और पानी के स्तर में काफी उतार–चढ़ाव के गुण देखे जाते हैं। इन नदियों में कम पानी वाले मौसम में अनेक उथले क्षेत्र (शोल) बन जाते हैं जिनके कारण खासकर ऊपर वाले स्थानों में 2 मीटर की न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) का अनुरक्षण करना काफी कठिन हो जाता है। इन नदियों से उथले क्षेत्रों को हटाने के लिए हरेक मानसून के बाद ड्रेजिंग और बंडालिंग जैसे अनुरक्षण सम्बंधी कार्य नौचालन सम्बंधी चैनल मुहैया करने के लिए किए जाते हैं ताकि निर्विघ्न नौचालन किया जा सके। दूसरी तरफ रा.ज.–3 ज्वारीय नदियों और कैनालों से बना है जिसके पानी के स्तर में समरूप ज्वारीय परिवर्तन होता है। इसलिए, एकबार भारी निकर्षण करके अपेक्षित गहराई मुहैया कर देने पर इसे आवश्यकतानुसार मामूली अनुरक्षण निकर्षण द्वारा कई वर्षों तक अनुरक्षित किया जा सकता है। रा.ज.–4 और 5 नहर और नदी दोनों खण्डों से बना है। जहां कैनाल वाले भागों के लिए एक बार काफी निकर्षण करने की आवश्यकता होती है, वहीं नदी वाले भागों के उथले क्षेत्र (शोल) में हरेक वर्ष निकर्षण की आवश्यकता होती है। ब्राह्मणी नदी के ऊपरी खण्डों में नौचालन संबंधी लॉक के साथ बैराज प्रस्तावित है।

4. राष्ट्रीय जलमार्ग – 1(रा.ज.–1)

राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में घोषणा के समय से भा.अ.ज.प्रा. इसकी नाव्यता क्षमता और विकास सहित भा.अ.ज.प्रा. अधिनियम, 1985 में यथा वर्णित टर्मिनल और नौचालन संबंधी सहायता जैसे अन्य अवसंरचना के अनुरक्षण हेतु विभिन्न प्रकार के विकासात्मक कार्य कर रहा है। रा.ज.–1 पर फेयरवे, टर्मिनल और नौचालन संबंधी सहायताओं के विकास और अनुरक्षण के लिए वर्ष 2014–15 के दौरान कराए गए महत्वपूर्ण कार्य संक्षेप में निम्न हैं :–

4.1 फेयरवे विकास

जलयानों के सुगम और सुरक्षित प्रचालन हेतु राष्ट्रीय जलमार्गों में लक्षित गहराई और चौड़ाई के साथ एक नौचालन संबंधी चैनल का अनुरक्षण किया जाता है। इसे त्रिवेणी–चुनार खण्ड (1226 कि.मी.) में बंडालिंग और ड्रेजिंग इत्यादि जैसे नदी संरक्षण कार्यों द्वारा प्राप्त कर लिया गया। हल्दिया और त्रिवेणी के बीच का सर्वाधिक नीचला खण्ड (196 कि.मी.) ज्वारीय है, जिसमें 3 मीटर से अधिक न्यूनतम उपलब्ध गहराई प्राकृतिक रूप से बनी रहती है। दूसरी ओर चुनार–इलाहाबाद (198 किमी) के उपरी भाग पर गैर मानसून माह में अनेक उथले क्षेत्र बनते हैं और आईडब्लूएआई को उपलब्ध साधनों से 2.0 मीटर एलएडी का अनुरक्षण भी संभव नहीं है। इसलिए भा.अ.ज.प्रा. इस खण्ड में नदी संरक्षण संबंधी कोई कार्य नहीं करता है।

वर्ष 2014–15 के दौरान त्रिवेणी–राजमहल (399 किमी) में 3750 मीटर और राजमहल–चुनार (827 किमी) में 18,000 मीटर बंडालिंग कार्य किए गए। इसके अतिरिक्त, त्रिवेणी–राजमहल में 1.25 लाख मी^{3} और राजमहल वाराणसी / चुनार खंडमें 1.70 लाख मी.^{3} गाद भा.अ.ज.प्रा. के विभागीय कटर सक्शन ड्रेजरों (सीएसडी), हाइड्रोलिक सर्फेस ड्रेजर (एचएसडी) और एम्फिबियन ड्रेजर (एडी) द्वारा निकाली गई।



राष्ट्रीय जलमार्ग –1 पर लगाए गए बंडल



राष्ट्रीय जलमार्ग –1 पर सीएसडी से निकर्षण कार्य प्रगति पर

वर्ष के दौरान रा.ज.–1 के विभिन्न खण्डों में न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) का अनुरक्षण निम्न प्रकार है :–

(क)	हल्दिया–फरक्का (560 कि. मी.)	–	2.8 मी. से 3.0 मी.
(ख)	फरक्का–बाढ़ (400 कि. मी.)	–	2.1 मी. से 2.5 मी.
(ग)	बाढ़–गाजीपुर (290 कि. मी.)	–	1.6 मी. से 2.0 मी.
(घ)	गाजीपुर–चुनार (172 कि. मी.)	–	1.2 मी. से 1.5 मी.*
(ड.)	चुनार–इलाहाबाद (198 कि. मी.)	–	1.0 मी. से 1.2 मी.*

*चुनार–इलाहाबाद खंड (198 किमी.) में किसी प्रकार का नदी संरक्षण कार्य नहीं किया गया। गाजीपुर–चुनार खंड में केवल बंडालिंग कार्य किया गया क्योंकि भा.अ.ज.प्रा. के सभी ड्रेजर अप्रवाही क्षेत्रों में कार्य कर रहे थे।

4.2 टर्मिनल

पटना में निम्न तल और उच्च तल जेट्टियों का प्रचालन क्रमशः 2008 और 2012 से हो रहा है। ये जेट्टी कंटेनर सहित कार्गो के यांत्रिक हैंडलिंग करने में सक्षम है। इस टर्मिनल पर बंकरिंग और भण्डारण सुविधाएं भी उपलब्ध है।

सामान्य कार्गो हैंडलिंग करने के लिए जीआर जेट्टी–2, कोलकाता में एक स्थायी टर्मिनल नवंबर, 2013 से प्रचालन में है।

जी आर जेट्टी–2 कोलकाता में स्थायी टर्मिनल

फरक्का और पाकुड़ में स्थायी जेट्टियां पहले से ही विद्यमान हैं। ये फरक्का बैरेज परियोजना से संबंधित हैं। ये फीडर नहर पर स्थित हैं और इनका उपयोग ट्रांसपोर्टर/शिपर द्वारा समय–समय पर किया जाता है।

इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर 20 फ्लोटिंग टर्मिनल भी उपलब्ध हैं और इनका प्रयोग यात्रियों और पर्यटकों को चढ़ाने एवं उतारने तथा संभार तंत्र हेतु किया जा रहा है। इन फ्लोटिंग टर्मिनलों को मांग अनुसार सम्पूर्ण जलमार्ग पर एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित किया जा सकता है।

इन फ्लोटिंग टर्मिनलों के स्थान निम्नानुसार हैं:

i) पश्चिम बंगाल में हल्दिया, बज–बज, जीआरजेटी–1, बीआईएसएन, बोटेनिकल गार्डन, शांतिपुर, स्वरूपगंज, कटवा, हजारद्वारी, फरक्का के अनुप्रवाह और प्रतिकूल प्रवाह।

ii) झारखंड में मंगलाघाट (राजमहल) और समधाघाट (साहेबगंज)

iii) बिहार में बटेश्वरस्थान, भागलपुर, मुंगेर, सिमरिया और बक्सर।

iv) उत्तर प्रदेश में राजघाट (वाराणसी), रामनगर (वाराणसी) और इलाहाबाद।

इसके अतिरिक्त, भा. अ. ज. प्रा. ने हल्दिया, साहेबगंज और वाराणसी में बहु–मॉडल टर्मिनल विकसित करने की योजना बनाई है। इसके लिए कार्यवाही प्रारंभ की जा चुकी है और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है। इन्हें विश्व बैंक सहायता प्राप्त जलमार्ग विकास परियोजना के अंतर्गत लागू किया जा रहा है।

रा.ज.–1 में फ्लोटिंग टर्मिनल

4.3 नौचालन संबंधी सहायताएं

त्रिवेणी और इलाहाबाद के बीच वर्ष भर दिवस नौचालन हेतु चैनल चिन्ह लगाए और अनुरक्षित किए गए। इसके अतिरिक्त, त्रिवेणी और बलिया/वाराणसी के बीच (1140/1383 कि.मी.) प्रकाशमान देशी नौका, स्टील पोल और बीकन टावर की मदद से रात्रि नौचालन सुविधाएं भी मुहैया की जाती हैं।



बीकन टॉवर पर प्रकाश

स्टील पोल पर प्रकाश

देशी नौका पर प्रकाश

दिवस आर एच मार्क

इसके अलावा पाक्षिक रूप से तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराकर नदी संबंधी सूचनाएं नियमित रूप से जारी की जाती हैं। आवश्यकतानुसार पायलटेज भी मुहैया की जाती है।

जलमार्ग पर इन सुविधाओं को देकर और 24 घंटे नौचालन संबंधी सहायताएं मुहैया करके डीजीपीएस स्टेशन भागलपुर, पटना और स्वरूपगंज में चालू किए गए हैं। इसके अतिरिक्त वाराणसी में डीजीपीएस स्टेशन का स्थापन शीघ्र होने वाला है। इसके साथ संपूर्ण राष्ट्रीय जलमार्ग–1 में डीजीपीएस संपर्क होगा।

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 के हल्दिया–फरक्का खण्ड में विश्व स्तरीय नदी सूचना प्रणाली (आरआईएस) मुहैया करने के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना पूरी होने वाली है। इस प्रणाली में जलयान को तट तक पहुंचाने की सुविधा, जलयान से जलयान और जलयान से तट तक संचार व्यवस्था, आंकड़ा का स्थानांतरण और वास्तविक समय के आधार पर चैनल सूचना संबंधी सुविधाएं होंगी। भा. अ. ज. प्रा. ने आर आई एस सुविधा को चरणों में वाराणसी तक पहुंचाने की योजना बनायी है।

4.4 कार्गो ढुलाई

एनटीपीसी फरक्का ताप विद्युत संयंत्र के लिए प्रतिवर्ष 3 मिलियन टन कोयले के परिवहन की परियोजना के अंतर्गत सैण्डहैड्स (बंगाल की खाड़ी) और फरक्का के मध्य 1500–2000 टन क्षमता वाली लगभग 25 माल ढुलाई नौकाएं हमेशा चलती हैं। वर्ष 2014–15 के दौरान मैसर्स जिन्दल आईटीएफ लिमिटेड द्वारा फरक्का को लगभग 5 लाख टन कोयला परिवहन किया गया।

भारत–बांग्लादेश नयाचार मार्ग का प्रयोग करते हुए उत्तर–पूर्व क्षेत्र से कोलकाता को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा खाद्यान्नों के परिवहन हेतु बज–बज (कोलकाता) में एक नई फ्लोटिंग जेट्टी का निर्माण किया गया है। वर्श 2014–15 के दौरान आईडब्लूटी (1038 किमी.) द्वारा आशुगंज (बांग्लादेश) से कोलकाता को लगभग 12,000 टन चावल परिवहनित किए गए और फिर सड़क द्वारा त्रिपुरा (49 किमी.) में अगरतला भेजे गए।

इसके अतिरिक्त वर्ष के दौरान अनेक ओवर डाइमेंशनल कार्गो (ओडीसी) की आवाजाही हुई। अगले 4–5 वर्षों में राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर ओडीसी आवाजाही और ताप विद्युत संयंत्रों हेतु आयातित कोयले की आवाजाही पर्याप्त रूप से बढ़ने की संभावना है।



राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर ओडीसी आवाजाही

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर एनटीपीसी फरक्का पर कोयले की उतराई

4.5 नदी पर्यटन

अन्तर्देशीय पर्यटक जलयान आरवी बंगाल गंगा और एबीएन सुकाफा अनेक वर्षों से क्रमशः कोलकाता –सेमरिया और कोलकाता–पटना के मध्य राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम यात्राएं कर रहे हैं। इन दोनों जलयानों पर विदेशी यात्रियों की आवाजाही को अनुसूची अनुसार सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

वर्ष 2014–15 के दौरान राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर असम बंगाल नौचालन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के एनबीएन राजमहल और हैरिटेज रिवर क्रूज प्राइवेट लिमिटेड के गंगा–वोएजर–1 नामक दो नए पर्यटक जलयानों ने प्रचालन प्रारंभ किया और अपनी यात्राएं सफलतापूर्वक पूरी की।

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर नया पर्यटक जलयान एबीएन राजमहल

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर नया पर्यटक जलयान गंगा वोएजर –1

5. राष्ट्रीय जलमार्ग–2

सदिया से धुब्री के निकट बांग्लादेश बॉर्डर तक ब्रह्मपुत्र नदी (891 कि.मी.) उत्तर–पूर्व क्षेत्र (एनईआर) में सर्वाधिक महत्वपूर्ण अन्तर्देशीय जलमार्ग है। इस ताकतवर नदी में अनेक नदियों ने मिलकर इसे मछली की हड्डी की संरचना दी है। फीडर मार्ग के रूप में विकसित होने की संभावना रखने वाले उत्तर–पूर्व क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र और बराक नदी के करीब 1687 कि.मी. खण्ड को अभिज्ञात किया गया है। रा.ज.–2 भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग (1700 कि.मी.) के माध्यम से उत्तर–पूर्व क्षेत्र में वैकल्पिक सम्बद्धता मुहैया करता है। रा.ज.–2 पर फेयरवे, टर्मिनल और नौचालन संबंधी सहायताओं का विकास और अनुरक्षण वर्ष के दौरान किया गया था, जिसका विवरण संक्षेप में नीचे है :–

5.1 फेयरवे विकास

पांडु–धुब्री खण्ड (255 किमी.) में वर्ष भर 2.5 मीटर न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) के साथ 45 मीटर की न्यूनतम चौड़ाई का नौवहन फेयरवे अनुरक्षित किया गया।

क्र. सं.	खण्ड क्षेत्र	अनुरक्षित एलएडी	अवधि (वि.व. 2014–15)
1.	पांडु–नीमाति (374 किमी.)	2.5 मीटर	लगभग 335 दिनों और
		2.0 मीटर	शेष अवधि के लिए (30 दिन)
2.	नीमाति–डिब्रूगढ़	2.0 मीटर	365 दिनों के लिए और
3.	डिब्रूगढ़–सदिया (ओरियमघाट)	1.5 मीटर	335 दिनों के लिए और
		2.0 मीटर	शेष अवधि के लिए (30 दिन)

इस न्यूनतम उपलब्ध गहराई को अनुरक्षित करने के लिए 44 स्थानों पर 21,900 मीटर बंडल खड़े और अनुरक्षित किए गए। इसके अतिरिक्त, सीएसडी मंडोवी और सीएसडी ब्राह्मणी का उपयोग करके 17 स्थानों पर 94,544 मीटर^3 निकर्षण कार्य किया गया।

फेयरवे में गहराई बढ़ाने के लिए ड्रेजिंग संबंधी कार्य हेतु एचएसडी धनश्री और एचएसडी जिआभोराली नामक दो एचएसडी भी तैनात किए गए थे। बांग्लादेश सीमा और नीमाति के बीच कुछ भेद्य जोन (लगभग नौ) हैं, जहां गहराई और नदी क्षेत्र/चैनल में निरंतर परिवर्तन आता है। आईआईटी गुवाहाटी को ऐसे ही एक सीन गणेश पहाड़ क्षेत्र' का प्रायोगिक आधार पर 19.16 लाख रूपए की लागत से गणितीय और भौतिकी मॉडल बनाने का कार्य सौंपा गया है। इस अध्ययन के परिणाम के आधार पर दीर्घावधि आधार पर एलएडी में सुधार हेतु स्थायी उपाय के रूप में इन स्थानों पर नदी प्रशिक्षण कार्य लागू किया जाएगा।

5.2 टर्मिनल

राष्ट्रीय जलमार्ग–2 पर बहुमॉडल नदी पत्तन के विकास हेतु पांडु (गुवाहाटी) सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। 2009 में यहां एक निम्न तल जेट्टी प्रारंभ की गई थी। कंटेनरों सहित यांत्रिक संभारण सहित वर्ष भर प्रचालन के लिए वर्ष 2014–15 के दौरान 43.85 करोड़ रूपए की लागत से एक उच्च तल जेट्टी का भी निर्माण किया गया था।

क्रेन सहित पांडु पत्तन पर आरसीसी जेट्टी

बीजी साइडिंग

पांडु पत्तन से कामाख्या रेलवे स्टेशन (गुवाहाटी) को जोड़ने वाली बड़ी लाईन के रेलवे साइडिंग का निर्माण एन एफ रेलवे के माध्यम से 12.97 करोड़ रूपए की लागत से किया गया है।
4.64 करोड़ रूपए की लागत से किए गए अन्य विकासात्मक कार्य जैसे तट रक्षण, आंतरिक सड़क प्रणाली का निर्माण/मरम्मत गाद निकासी कार्य, हार्ड स्टैंड इत्यादि शामिल हैं। पांडु में भा. अ. ज. प्रा. के क्षेत्रीय कार्यालय गुवाहाटी के कार्यालय सह नदी सूचना प्रणाली भवन का निर्माण कार्य भी 4.61 करोड़ रूपए की लागत से वर्ष 2014–15 के दौरान पूरा किया गया।

भा. अ. ज. प्रा. द्वारा 2013 में दो रो–रो टर्मिनलों की स्थापना धुबी और हथसिंगीमारी (धुबी में ब्रह्मपुत्र नदी के दूसरे तट पर) में बनाने की योजना बनायी गयी थी ताकि धुबी (नदी मार्ग से 25 किमी.) से मेघालय के लिए सीधा आईडब्लूटी संपर्क प्रदान किया जा सके और जोगीधोपा से परिपथ मार्ग 220 किमी. से बचा जा सके। धुबी में टर्मिनल कार्य लगभग 45 प्रतिशत पूरा हो चुका है और 2015 की समाप्ति तक इसके पूर्ण होने की संभावना है। हथसिंगीमारी में टर्मिनल के निर्माण के लिए विनिर्दिष्ट लगभग संपूर्ण भूमि ब्रहमपुत्र नदी में बह गई और वर्तमान परिस्थिति में स्थायी संरचना का निर्माण करना संभव नहीं है। ब्रह्मपुत्र बोर्ड ने इस स्थान पर लगभग 5 किमी लंबे तट के संरक्षण हेतु एक परियोजना तैयार की है। चूंकि इसके निष्पादन में कुछ समय लगेगा, भा. अ. ज. प्रा. ने नदी तट के स्थिर होने तक हथसिंगीमारी में अस्थायी रो–रो सुविधाएं विकसित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ, अ.ज.प. निदेशालय, असम सरकार से भी अपने जलयानों को रो–रो प्रचालन के अनुकूल बनाकर रो–रो सेवा प्रारंभ करने के लिए अनुरोध किया गया है।

कार्गो की ढुलाई की सुविधा देने के लिए दस (10) स्थानों नामतः धुब्री, जोगीघोपा, तेजपुर, सिलघाट, विश्वनाथघाट, नीमाति, बोगीबील, डिब्रूगढ़, सेंगाजन/पनबाड़ी और ओरियमघाट में फ्लोटिंग टर्मिनलें मुहैया और अनुरक्षित किए गए हैं। हथसिंगीमारी, धुब्री, सिलघाट, विश्वनाथघाट, नीमाति, डिब्रूगढ़ और ओरियमघाट में टर्मिनलों के निर्माण हेतु भूमि का अधिग्रहण किया गया है।



तेजपुर में फ्लोटिंग टर्मिनल



जोगीघोपा में चरण–2 कार्य

जोगीघोपा में 16.47 हेक्टेयर भूमि में से लगभग 8.93 हेक्टेयर भूमि बह गयी है। यह कटाव निरंतर है और समीपीय बसावटों के लिए भी इससे खतरा है। भा. अ. ज. प्रा. ने जल संसाधन विभाग, असम सरकार के साथ मिलकर एक नवाचारी कटाव–रोधी परियोजना तैयार की है। इस कार्य को दो चरणों में लागू किया जाना प्रस्तावित था।

चरण–1: गाद पूर्व कार्य प्रारंभ करने के लिए जोगीघोपा के नदी चैनल अपस्ट्रीम पर आरसीसी पोरकुपाइन स्क्रीनें लगाना और चरण –2: बोल्डर अर्थात् डोवन बंड के साथ लांचिंग एपरन और तट निर्माण सहित तट संरक्षण कार्य। 11.75 करोड़ रूपए की लागत से नवम्बर 2014 में चरण–। कार्य पूरे किए गए, जिसके काफी अच्छे परिणाम प्राप्त हुए और टर्मिनल स्थल पर पर्याप्त गाद निकाली गयी। दिसम्बर, 2014 में 16.10 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत से चरण–दो कार्य स्वीकृत किया गया। कार्य प्रगति पर है और शीघ्र पूरा होने वाला है। इस परियोजना से लगभग 18.63 एकड़ भूमि की बचत होगी जोकि अन्यथा स्थायी रूप से नष्ट हो जाती।

5.3 नौचालन संबंधी सहायताएं

संपूर्ण जलमार्ग में दिवस नौचालन हेतु चैनल चिन्ह लगाए और अनुरक्षित किए गए। धुब्री और सिलघाट (440 किमी.) के बीच रात्रि नौचालन सुविधाएं भी मुहैया करके अनुरक्षित की जा रही हैं। संपूर्ण जलमार्ग में पाक्षिक/मासिक तलस्पर्शी सर्वेक्षण करवाकर अ.ज.प. प्रचालकों को फेयरवे संबंधी सूचना देने के लिए नदी संबंधी सूचनाएं दी गई हैं। इसके अलावा संपूर्ण रा.ज.–2 में डीजीपीएस सम्बद्धता की सुविधा देने के लिए धुब्री, जोगीघोपा, सिलघाट और डिब्रूगढ़ में अत्याधुनिक डीजीपीएस स्टेशन चालू किए गए हैं।

5.4 नदी पर्यटन

काजीरंगा और ओरंग में वन्य जीव अभ्यारण्य की उपस्थिति और अन्य पर्यटन स्थानों जैसे–सुआलकुची, शिवसागर और ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर कमालबाड़ी से रा.ज.–2 पर नदी पर्यटन हेतु काफी संख्या में लोग आकर्षित हुए हैं। रा.ज.–2 के पांडु–नीमाति (630 किमी.) खण्ड में 2.5 मीटर न्यूनतम उपलब्ध गहराई के प्रावधान से इस शक्तिशाली नदी पर नदी पर्यटन को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति मिली है। प्रत्येक वर्ष पांडु और नीमाति के बीच विदेशी पर्यटकों को 3 पर्यटक जलयानों द्वारा लगातार यात्रा कराई जा रही है। पर्यटक आपरेटर इसकी सफलता से काफी प्रसन्न हैं और नौवहन चैनल प्रदान करने के लिए भा. अ. ज. प्रा. की प्रतिबद्धता की सराहना कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त विशाल नदी ब्रह्मपुत्र में जलयानों की किसी समस्या की स्थिति में सहायता के अतिरिक्त नौवहन सहायता और टर्मिनल सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं।

रा.ज.–2 में पर्यटक जलयान

6. राष्ट्रीय जलमार्ग – 3 (रा.ज.–3)

राष्ट्रीय जलमार्ग–3 कोट्टापुरम–कोल्लम (168 कि.मी.), कोची–एलूर के बीच उद्योगमंडल कैनाल (23 कि.मी.) और कोची–अंबलमुगल के बीच चंपाकारा कैनाल (14 कि.मी.) से बने पश्चिम तट कैनाल प्रणाली (205 कि.मी.) से मिलकर बना है। रा.ज.–3 पर फेयरवे, टर्मिनल और नौचालन सम्बंधी सहायता के विकास और अनुरक्षण हेतु वर्ष 2014–15 के दौरान किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का विवरण नीचे दिया गया है:–

6.1 फेयरवे विकास

रा.ज.–3 एक ज्वारीय जलमार्ग है, जिसके समुद्र पर चार मुहाने मुनम्बम, कोची, कायमकुलम और नीनदाकारा में हैं। रा.ज.–3 में नौचालन हेतु 2 मीटर गहराई के साथ चौड़े खण्डों में 38 मीटर चौड़ाई और संकीर्ण खण्डों में 32 मीटर चौड़ाई के नौचालन चैनल विकसित करने के बारे में विचार किया गया है। इन आयामों के साथ नौवहन चैनल विकसित करने के लिए 40.33 लाख मीटर^3 गाद निकालने के कार्य को संपूर्ण जलमार्ग के छिछले क्षेत्रों में किया जाना प्रस्तावित किया गया था। इन छिछले क्षेत्रों की कुल लंबाई लगभग 87 किमी. है। ड्रेजिंग के लिए राष्ट्रीय जलमार्ग–3 को सात खंडों में बांटा गया है : i) चम्पाकरा कैनाल, ii) उद्योगमंडल कैनाल, iii) कोट्टापुरम– कोच्चि, iv) कोच्चि– अलपुझा, v) अलापुझा–कायमकुलम, vi) कायमकुलम–इडापल्लीकोट्टा और vii) इडापल्लीकोट्टा–कोल्लम। अब तक ड्रेजिंग कार्य को चम्पकारा कैनाल, उद्योगमंडल कैनाल, कोट्टापुरम– कोच्चि और कोच्चि –अलापुझा खंडों में पूरा कर लिया गया है और अन्य खंडों में यह प्रगति पर है। 31.3.2015 तक भा.अ.ज.प्रा. ने 83 किमी. लंबाई पर लगभग 37 लाख मी.^{3} ड्रेजिंग की है।

रा.ज.–3 में सीएसडी कलाडा द्वारा निकर्षण

इसके साथ संपूर्ण राष्ट्रीय जलमार्ग–3 पर 2.0 मीटर की लक्षित गहराई प्रदान की गई है। केवल 4 किमी. में 32 मीटर चौड़ाई के लक्षित कार्य के साथ दो लेन प्रदान करने के लिए चैनल चौड़ा करने का कार्य शेष है। यह 4 किमी. क्षेत्र 3 स्थानों में है: अलापुझा (मुलाकल गांव में 0.75 किमी.); कायमकुलम–कायल में एक किमी. और चवाड़ा के निकट 2.25 किमी.। अलपुझा क्षेत्र में कार्य प्रगति पर है। कायमकुलम–कायम में राज्य सरकार द्वारा मत्स्य जालों को हटाने के बाद ही कार्य किया जा सकेगा। चावड़ा के निकट शेष कार्य हेतु, जो कि कड़ा क्षेत्र (लगभग 10.000 मीटर^3 मात्रा) है, के लिए अनुमान को स्वीकृत किया गया है और कार्य 2015–16 में प्रारंभ होने की संभावना है।



रा.ज.–3 में एम्फीबियन ड्रेजर द्वारा निकर्षण

इसके अतिरिक्त, भा.अ.ज.प्रा. ने ड्रेजिंग के लिए चार विभागीय ड्रेजर (2 कटर सक्शन ड्रेजर और 2 एम्फिबियन ड्रेजर) तैनात किए हैं।

अपरदन के विरूद्ध कैनाल के तटों की सुरक्षा सुरक्षित नौचालन के लिए अन्य महत्वपूर्ण गतिविधि है। अब तक चम्पाकरा–उद्योगमंडल कैनालों में 14.67 कि.मी. तट रक्षण किया गया है।

अलापुझा और कोल्लम के मध्य विद्यमान चैनल को भी चौड़ा करने की आवश्यकता है। कैपिटल ड्रेजिंग के साथ–साथ तट संरक्षण भी प्रदान किया जा रहा है और अब तक 6.73 किमी. लंबाई में तटबंध संरक्षण कार्य पूरा लिया गया है।

रा.ज.–3 पर भारी निकर्षण और संकरे कैनालों को चौड़ा करने के कार्य की प्रगति में अवरोध विभिन्न स्थानीय कारणों जैसे–निकर्षित सामग्री के निस्तारण, अतिरिक्त तट रक्षण की मांग, कार्यों में बारंबार रूकावट और स्थानीय लोगों द्वारा मुकदमेबाजी करने और मछुआरों के विरोध से हुए इन मामलों के निबटान हेतु उच्च स्तर पर राज्य सरकार से लगातार विचार–विमर्श किया जा रहा है।

6.2 टर्मिनल

टर्मिनलों की स्थापना के लिए विचार किए गए कुल 11 स्थानों में से 8 स्थानों यथा–कोट्टापुरम, अलुवा, मरदु (कोची), वैकुम, चरतला (तनेरमुखम), त्रिकुणापुझा, कायमकुलम (अईरमथेंगु) और कोल्लम में टर्मिनल पहले ही निर्मित किए जा चुके हैं। अलापुझा में 9.04 करोड़ रुपए की लागत से एक टर्मिनल का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसका 96 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है।

शेष दो स्थानों नामतः काकानाडु और चावड़ा में टर्मिनलों का निर्माण कार्गो उपलब्ध होने के उपरांत अगले चरण में प्रस्तावित है। प्रभावी उपयोग करने के लिए और निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए अलुवा और वैकोम में अ.ज.प. टर्मिनलों के प्रचालन और अनुरक्षण सम्बंधी कार्य केरल नौवहन और अन्तर्देशीय नौचालन निगम लि. (केरल सरकार का एक उपक्रम) को दिया गया है।

रा. ज.–3 में रो–रो बार्ज सेवा



माननीय पोत परिवहन मंत्री द्वारा रो–रो टर्मिनल का दौरा

इसके अतिरिक्त, भा.अ.ज.प्रा. ने आई.सी.टी.टी. वल्लारपदम से सम्बद्धता मुहैया करने के लिए दो अ.ज.प. कंटेनर टर्मिनलों में से एक का निर्माण वोलगट्टी में और रो–रो सुविधायुक्त दूसरे का निर्माण विलिंगडन आईलैण्ड में कराने का कार्य कोचीन पत्तन न्यास को दिया है। इसके कारण वल्लारपदम के लिए जाने वाले ट्रक /ट्रेलर को कोच्चि शहर की भीड–भाड़ वाली सड़कों होकर जाने की जरूरत नहीं होती है। ये टर्मिनल फरवरी 2011 से प्रचालन में हैं। मार्च, 2015 तक रो–रो सुविधा का उपयोग करते हुए इन टर्मिनलों के बीच 20 फीट के

78,730 और 40 फीट के 46,518 कंटेनरों से ढुलाई की गई।

7. राष्ट्रीय जलमार्ग–4 और 5 (रा.ज.–4 और 5)

इन जलमार्गों को नवम्बर, 2008 में राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया। इसके बाद दोनों राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्टें (डीपीआर) तैयार की गई। इसके बाद, योजना आयोग की सलाह पर, आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की आर्थिक सलाह के साथ लेनदेन सलाहकार (परामर्शदाता) को नियुक्त कर पीपीपी माध्यम से आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य खंडों का विकास किया गया। तथापि, दोनों जलमार्गों को पीपीपी माध्यम में विकसित करने हेतु व्यवहार्य नहीं पाया गया। इसलिए, यह तय किया गया कि दोनों जलमार्गों को सकल बजटीय सहायता (जीबीएस) और/या बाह्य सहायता द्वारा बहुपक्षीय स्रोतों जैसे एडीबी या विश्व बैंक द्वारा विकसित किया जाएगा।

7.1 राष्ट्रीय जलमार्ग–4 (रा. ज.–4)

साउथ बर्किंघम कैनाल के शोलिंगनालूर–कलपक्कम खंड (37 किमी.) के विकास के लिए 123.4 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत पर एक परियोजना स्वीकृत की गई थी। यद्यपि, परियोजना का कार्यान्वयन तमिलनाडु सरकार द्वारा किए जाने वाले अंकन अध्ययन इत्यादि के कारण लंबित है। भा. अ. ज. प्रा. ने चैन्ने में उप–कार्यालय भी खोला है। आंध्र प्रदेश में जलमार्ग विकास के लिए चरण –एक के अंतर्गत सिंचाई कैनाल के लिए काकीनाडा से पेडागंजम (300 किमी.) और नार्थ बर्किंघम कैनाल से पेडागंजम से एन्नोर पत्तन (298 किमी.) हेतु कार्यवाही प्रारंभ की गई है। पोलवरम (गोदावरी नदी) और पुली चिन्ताला (कृश्णा नदी) पर बांधों और नौवहन लॉकों का निर्माण पूरा होने के बाद चरण–दो में नदी भागों को विकसित किए जाने की योजना है। इस दौरान अद्यतन रूपिम स्थितियों का आंकलन करने के लिए संपूर्ण रा.ज.–4 का विस्तृत सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है। आंध्र प्रदेश सरकार ने विद्यमान क्रास आकारों का सर्वेक्षण और नया अंकन सर्वेक्षण, जल सर्वेक्षण और निरीक्षण पर सहमति जताई है। इस अध्ययन के परिणाम के आधार पर भा. अ. ज. प्रा. क्लास–।। या क्लास–।।। मानक में से किसी एक को विकसित करने की कार्यनीति पूर्ण की जाएगी। राज्य सरकार के साथ समन्वय के लिए सिंचाई विभाग के विजयवाड़ा कार्यालय परिसर में भा.अ.ज.प्रा. का एक उप–कार्यालय स्थापित किया गया है।

7.2 राष्ट्रीय जलमार्ग–5 (रा.ज. –5)

भा.अ.ज.प्रा., ओडिशा सरकार, पारादीप पत्तन न्यास और धमरा पोर्ट कंपनी लिमिटेड के मध्य रा.ज.–4 के 332 किमी. क्षेत्र का विकास दो चरणों में करने के लिए एक समझौते पर दिनांक 30.06.2014 को हस्ताक्षर किए गए। पहले चरण के अंतर्गत पंकोपल से धमरा और पारादीप तक 207 किमी. और दूसरे चरण में तलचर से पंकोपल तक 125 किमी. का कार्य किया जाएगा। तथापि, चरण–एक के अंतर्गत विकास कार्य वर्तमान में बाधित है क्योंकि सुजानपुर में विद्यमान छोटे बांध के पुनर्निर्माण और जकोदिया में पुरानी बैराज के लिए उपयुक्त नौवहन लॉकों की आवश्यकता है। प्रस्तावित विकासात्मक कार्यों के समन्वय और निगरानी के लिए भुवनेश्वर में भा.अ.ज.प्रा. का उप–कार्यालय स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त, मैसर्स वैपकोस द्वारा चरण–एक के अंतर्गत खंड विकास

हेतु अध्ययन प्रारंभ किया गया है। इनकी रिपोर्ट और राज्य सरकार की सिफारिश के आधार पर आईआईटी गुवाहाटी को बैराजों और 3.0 मीटर एलएडी फेयरवे के विकास हेतु अन्य क्रास आकारों के निर्माण हेतु डिजाइन इनपुट ढूंढ़ने हेतु बह्मणी नदी और इसकी डेल्टा प्रणाली हेतु गणितीय मॉडल अध्ययन करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। इस दौरान अद्यतन रूपिम स्थितियों का आंकलन करने के लिए रा.ज.–5 के तलचर–धमरा और पारादीप खंड तथा मतई नदी में विस्तृत जल सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है। ओडिशा सरकार द्वारा भा.अ.ज.प्रा., पीपीटी, डीपीसीएल और ओडिशा के संबंधित विभागों से सदस्यों के साथ एक समन्वय समिति गठित की गई है, जो मासिक आधार पर रा.ज.–5 के विकास की प्रगति की समीक्षा करती है।

8. पारगमन और व्यापार पर भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल

भारत और बांग्लादेश के बीच एक अन्तर्देशीय जल पारगमन और व्यापार प्रोटोकॉल है जिसके तहत दोनों देशों की सरकार वाणिज्य हेतु अपने जलमार्गों का प्रयोग पारस्परिक लाभ के लिए करने पर सहमत हो गई है। इसमें एक देश में दो स्थानों के बीच मालों की आवाजाही दूसरे देश के भू–भाग से होकर उस देश के कानूनों के अनुसार दोनों देशों के बीच होगी। विद्यमान प्रोटोकॉल मार्ग हैं :–

(i) कोलकाता–सिलघाट–कोलकाता, (ii) कोलकाता–करीमगंज–कोलकाता, (iii) राजशाही–धुलिया–राजशाही, (iv)सिलघाट–करीमगंज–सिलघाट। अंतर देशीय व्यापार हेतु विनिर्दिष्ट पांच पोर्ट ऑफ कॉल भारत में हल्दिया, कोलकाता, पांडु, सिलघाट और करीमगंज में हैं और बांग्लादेश में नारायणगंज, खुलना, मोंगला, सिराजगंज और आशुगंज में हैं। यह प्रोटोकॉल 1972 में अस्तित्व में आया और समय–समय पर इसकी समीक्षा की जाती है। यह प्रोटोकॉल मार्च, 2020 तक वैध है। वर्ष 2014–15 के दौरान इस प्रोटोकॉल के तहत कोलकाता/हल्दिया और बांग्लादेश/भारत के उत्तर पूर्व भागों के बीच 19 लाख टन आयात–निर्यात और पारगमन कार्गो की ढुलाई हुई।

9. जलीय सर्वेक्षण संबंधी कार्यकलाप

जलीय सर्वेक्षण माप और रूपरेखा के वर्णन का विज्ञान है, जिससे नौचालन, सामुद्रिक निर्माण, निकर्षण, सैंडचार, सबमर्ज रेक और अन्य संबंधित क्रियाकलापों का संचालन प्रभावित होता है। नौचालन के संबंध में जलीय सर्वेक्षण निर्णय निर्धारण, योजना और विकास एवं अनुरक्षण कार्यकलाप, प्रयोक्ताओं/मेरीनरों को सूचना प्रदान करने, समुद्रीय चार्टों के प्रकाशन हेतु आवश्यक सबसे अहम सूचना है। सबसे अधिक बल आवाज, शोर लाइन, ज्वार, लहर, नदी तल और डूबे हुए अवरोध पर दिया जाता है, जो पूर्व में उल्लिखित क्रियाकलापों से संबंधित है। भा.अ.ज.प्रा. में जलीय प्रकोष्ठ नाविकों को अनुपूरक सूचना प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय जलमार्गों हेतु नौवहन मानचित्र और पायलट प्रकाशित करता है। पांच घोषित जलमार्गों हेतु राष्ट्रीय जलमार्ग–वार जलीय सर्वेक्षण कार्यकलापों का ब्यौरा निम्नांकित अनुच्छेदों में प्रस्तुत किया गया है।

9.1 राष्ट्रीय जलमार्ग –1

तलस्पर्शी सर्वेक्षण

कम वर्षा के मौसम के दौरान पाक्षिक रूप से और बाढ़ के समय में मासिक रूप से तलस्पर्शी (देशान्तरीय) सर्वेक्षण विभागीय आधार पर कराकर नदी संबंधी सूचनाएं अ.ज.प. उपयोगकर्ताओं को (अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में) दी गई। वर्ष के दौरान कुल 27,307 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए। खण्डवार कराए गए सर्वेक्षण के ब्यौरे नीचे दर्शाए गए हैं :–

विस्तृत सर्वेक्षण



पूर्व/उत्तर बंडालिंग और गाद निकालने संबंधी सर्वेक्षण विभागीय आधार पर 216 उथले स्थानों पर कराए गए थे, जिसका विवरण नीचे है :–

टर्मिनल सर्वेक्षण



राजमहल–मुंगेर खंड में टर्मिनल सर्वेक्षण मंगलाघाट (दूरी : 589 कि.मी.), समदाघाट (दूरी : 618 कि.मी.), बटेश्वरस्थान (दूरी : 683 कि.मी.), भागलपुर (दूरी : 715 कि.मी.) और मुंगेर (दूरी : 793 कि.मी.) और रा.ज.–1 के गाजीपुर–वाराणसी खंड में रामनगर (दूरी : 1318 कि.मी.) और कैथी में कराए गए।

अन्य सर्वेक्षण

स्वरूपगंज कार्यालय ने जुलाई, 2014 के दौरान अजोय नदी का क्रास सेक्शनल सर्वेक्षण किया जोकि 18 कि.मी. है, तथा अजोय और भागीरथी नदियों के संगम से रसोई तक 127 किमी. का सर्वेक्षण किया। फरक्का कार्यालय ने निम्नांकित स्थानों का तट से तट सर्वेक्षण कराया:

क्षेत्र	दूरी (किमी.)
1. बागमारी सिफोन	529.0
2. गंगा संगम से फरक्का तालाब	554.0
3. डॉक लॉक से फीडर कैनाल	542.0-544.0
4. मोहम्मदपुर	449.50
5. फरक्का बैराज	544.0
6. उधुवा से यू/एस गंगा माउथ	552.0-560.0
7.डी/एस सस्तुरीहट फैरी	444.0

भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग (सुंदरवन)

भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग में सिल्वर ट्री प्वाईंट से बेहारीखल (बांग्लादेश बॉर्डर) तक मासिक तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए। कुल 1872 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराकर नदी संबंधी सूचनाएं भा.अ.ज.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई।

9.2 राष्ट्रीय जलमार्ग –2

तलस्पर्शी सर्वेक्षण

कम वर्षा के मौसम के दौरान विभागीय आधार पर तलस्पर्शी सर्वेक्षण पाक्षिक रूप से और बाढ़ के मौसम के दौरान मासिक रूप से कराकर नदी संबंधी सूचनाएं (अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में) जारी की गई। वर्ष के दौरान कुल 15,480 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए, जिसका खण्डवार ब्यौरा नीचे है :–



विस्तृत सर्वेक्षण

पूर्व और उत्तर बंडालिंग, ड्रेजिंग सर्वेक्षण, टर्मिनल और क्रॉस सक्शन सर्वेक्षण विभागीय आधार पर 182 उथले स्थानों पर कराए गए, जिसका विवरण नीचे है :–



टर्मिनल सर्वेक्षण

टर्मिनल सर्वेक्षण धुब्री (दूरी : 32 किमी.), जोगीघोपा (दूरी : 108 कि.मी.), बोगीबिल (दूरी : 738 कि.मी.), सेंगाजन (दूरी : 775 कि.मी.) और ओरियमघाट (दूरी : 860 कि.मी.) में कराए गए।

अन्य सर्वेक्षण

जून और जुलाई, 2014 के दौरान धुबी और फकीरगंज के मध्य 3 किमी. में तट से तट सर्वेक्षण कराए गए । जुलाई, 2014 और नवम्बर, 2014 के दौरान जोगीघोपरा से गोलपाडा तक 4.5 किमी. में क्रास सेक्शनल सर्वे किया गया।

पोत परिवहन मंत्रालय के निर्देशानुसार समाल बैराज से राउरकेला तक (194.5 किमी.) बैथीमीट्रिक सर्वेक्षण भी पूरा किया गया। दिल्ली क्षेत्र (44 किमी.) की यमुना नदी में ओखला बैराज से पल्ला तक बैथीमीट्रिक सर्वेक्षण भी पूरा किया गया और रिपोर्ट तैयार की गई।

डीजीपीएस आधारित नौचालन प्रणाली

भा.अ.ज.प्रा. ने रा.ज.–1 और 2 में विश्वसनीय और सुरक्षित अंतर्देशीय नौचालन उपायों के लिए अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए डीजीपीएस (डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) तकनीक के साथ नौचालन प्रारंभ किया है। इस प्रयास के अंतर्गत रा.ज. –1 में डीजीपीएस स्टेशन, स्वरूप गंज, भागलपुर और पटना तथा रा.ज.–2 में धुब्री, जोगीघोपा, सिलघाट एवं डिब्रुगढ़ में स्थापित किये गए और ये कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में, डीजीपीएस संपर्क रा.ज.–1 के 1620 कि.मी. में से सागर–बक्सर खंड (1124 कि.मी.) तथा संपूर्ण रा.ज. –2 (891 कि.मी.) में उपलब्ध है।



डीजीपीएस स्टेशन का कार्य सिद्धांत

डीजीपीएस नेटवर्क रा.ज.–1 और 2 में चलने वाले सभी जलयानों हेतु प्रभावी नौवहन सुविधा प्रदान करता है। धुब्री में अतिरिक्त स्टेशन भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग पर भी सुरक्षित और प्रभावी नौचालन प्रदान कर रहा है।

9.3 राष्ट्रीय जलमार्ग–3

तलस्पर्शी सर्वेक्षण

विभागीय तलस्पर्शी सर्वेक्षण कोट्टापुरम–कोची–कोल्लम खण्ड (उद्योगमंडल और चंपाकारा कैनाल सहित पश्चिम तट कैनाल) में मासिक आधार पर कराकर नदी संबंधी सूचनाएं (अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में) जारी की गई। वर्ष के दौरान कुल 2674 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए, जिसका विवरण नीचे है :–



विस्तृत सर्वेक्षण

पूर्व और उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण निम्नलिखित स्थानों पर कराए गए :–

विवरण/स्थान	पूर्व/उत्तर सर्वे.	दूरी	निकाली गई गाद की मात्रा
1. थेवड़ा	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	8.6-10 कि.मी.	-
2. चावड़ा (उत्तर)	उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण	142.4-143.6 कि.मी.	2606.30
3. दलावापुरम	उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण	173.25-173.45 कि.मी.	3010.40
4. रो–रो जेट्टी	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	3.1-5.0कि.मी.	-
5. दवालापुरम	उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण	173.24-173.83 कि.मी.	10622.6
6. किरिकाड जेट्टी	उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण	168.90-169.5 कि.मी.	10687.8
7. किरिकाड जेट्टी	उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण	142.70-143.60 कि.मी.	20497.9

वर्ष 2014–15 के दौरान कुल 27831.2 मी.^{3} निकर्षण कराए गए।

9.4 राष्ट्रीय जलमार्ग–4

राष्ट्रीय जलमार्ग–4 में नौवहन मार्ग की वर्तमान स्थिति का आकलन और इनके विकास के लिए निम्नांकित खण्डों में विस्तृत जलीय सर्वेक्षण किए गए। इनकी स्थिति निम्नानुसार है:

क्र. सं.	खण्ड	स्थिति
1	गोदावरी नदी (भद्राचलम से राजमुंदरी) 171 किमी.	रिपोर्ट और सर्वे चार्ट को अंतिम रूप दिया गया
2	काकीनाडा कैनाल (काकीनाडा से राजमुंदरी) 50 किमी.	रिपोर्ट और सर्वे चार्ट को अंतिम रूप दिया गया
3	गोदावरी इलुरू कैनाल (राजमुंदरी से इलुरू) 74 किमी.	रिपोर्ट और सर्वे चार्ट को अंतिम रूप दिया गया
4	नार्थ बकिंघम कैनाल (कृश्णापट्टनम से एन्नोर) 140 किमी.	रिपोर्ट और सर्वे चार्ट को अंतिम रूप दिया गया
5	साउथ बकिंघम कैनाल (शोलिंगनल्लूर से कलपक्कम) 37 किमी.	रिपोर्ट और सर्वे चार्ट को अंतिम रूप दिया गया

6	साउथ बकिंघम कैनाल (कलपक्कम से मरकनम) 53 किमी.	सर्वे पूर्ण। आंकड़ा, रिपोर्ट और चार्ट संकलन प्रगति में है।
	कालुवेली टैंक (मरकनम से पुदुचेरी) 22 किमी.	
7	कोमामूर कैनाल (विजयवाड़ा से पेडागंजम) 113 किमी.	सर्वे पूर्ण। आंकड़ा, रिपोर्ट और चार्ट संकलन प्रगति में है।
8	नार्थ बकिंघम कैनाल (पेडागंजम से कृष्णापट्टनम) 160किमी.	सर्वे पूर्ण। आंकड़ा, रिपोर्ट और चार्ट संकलन प्रगति में है।
9	कृष्णा नदी (वजीराबाद से विजयवाड़ा) 157 किमी.	सर्वे पूर्ण।
	कृष्णा इलुरू कैनाल (इलुरू से विजयवाड़ा) 65 किमी.	

9.5 राष्ट्रीय जलमार्ग–5

राष्ट्रीय जलमार्ग–5 में नौवहन मार्ग की वर्तमान स्थिति के आकलन और इसमें सुधार के लिए निम्नांकित खण्डों में विस्तृत जलीय सर्वेक्षण किए गए। इनकी स्थिति निम्नानुसार है:

क्र. सं.	खण्ड	स्थिति
1	ब्रह्मणी–खरसुआ–धमरा नदियां (तलचर–धमरा) 265 किमी.	रिपोर्ट और सर्वे चार्ट को अंतिम रूप दिया गया
2	मतई नदी (चारबतिया–धमरा) 39 किमी.	रिपोर्ट और सर्वे चार्ट को अंतिम रूप दिया गया
3	महानदी डेल्टा नदियां (मंगलगाडी–पारादीप) 67 किमी.	रिपोर्ट और सर्वे चार्ट को अंतिम रूप दिया गया
4	तंतीघई/कनि नदी प्रणाली (सुजानपुर से पडानीपल के लिए वैकल्पिक मार्ग) 46 किमी.	रिपोर्ट और सर्वे चार्ट को अंतिम रूप दिया गया
5	हंसुआ–खरनासी और नदी मुहानों के बीच (राजनगर से पारादीप तक वैकल्पिक मार्ग) 26 किमी.	रिपोर्ट और सर्वे चार्ट को अंतिम रूप दिया गया
6	अथरबंकी क्रीक (महानदी से पारादीप पत्तन) 4 किमी.	रिपोर्ट और सर्वे चार्ट को अंतिम रूप दिया गया
7	कनि नदी के साथ पडानीपल से जकादिया तक के खण्डों हेतु रा.ज.–5 में विस्तृत वैथीमीट्रिक सर्वे (10 किमी. उपनदी सहित) 83 किमी.	रिपोर्ट और सर्वे चार्ट को अंतिम रूप दिया गया
8	जकोदिया से धमरा और पारादीप के लिए तलस्पर्शी सर्वेक्षण (230 किमी.)	अप्रैल, 2015 से सर्वेक्षण प्रारंभ करने के लिए कार्य सौंपा गया।

9.6 सर्वेक्षण जलयान

आंकड़ा संग्रह, तैयार और प्रिंट करने के लिए सभी सर्वेक्षण जलयान डिजिटल इको साउंडर, डीजीपीएस रिसीवर, लैपटाप/डेस्कटाप और करेंट मीटर सेट सहित स्वचालित जलीय सर्वेक्षण जैसे–अत्याधुनिक सर्वेक्षण उपकरण से युक्त हैं।

विभिन्न जलमार्गों में निम्नलिखित सर्वेक्षण जलयान प्रचालन में हैं, जो सर्वेक्षण कार्य के लिए तैनात हैं :–

रा.ज.–1		रा.ज.–2	रा.ज.–3
1. एस.एल. कोयल	7. एस.एल. मंदाकनी	1. एस.एल. लोहित	1. एस.एल. पम्बा
2. एस.एल. द्वारकेश्वर	8. एस.एल. गंडक	2. एस.एल. सुबानसिरि	
3. एस.एल. मेगना	9. एस.एल. पुनपुन	3. एस.एल. बराक	
4. एस.एल. अनुपल्लव	10. एस.एल. कोसी	4. एस.एल. बूढ़ी दिहिंग	
5. एस.एल. कमला	11. एस.एल. रिहंद	5. एस.एल. दिबांग	
6. एस.एल. घाघरा	12. एस.एल. दिहांग		

उपरोक्त वर्णित सर्वेक्षण जलयान बेड़े में 25 एचपीओबीएम के साथ आठ एफआरपी नौकाएं शामिल की गई और इन्हें स्वरूपगंज, फरक्का, वाराणसी, धुब्री, डिब्रूगढ़, कोच्चि और पटना में तैनात किया गया।

9.7 राष्ट्रीय जलमार्ग–1 (गंगा) में नदी सूचना प्रणाली की स्थापना

नदी सूचना सेवाएं (आरआईएस) हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संबंधी सेवा युक्त हैं और इसे अंतर्देशीय नौवहन में ट्रैफिक और परिवहन प्रक्रियाओं को इष्टतम करने के लिए तैयार किया गया है। यह प्रणाली मोबाइल जलयानों और किनारे (बेस स्टेशनों) पर स्थित जलयानों के मध्य सरलता से इलेक्ट्रोनिक डाटा अंतरण को सूचना के अग्रिम और वास्तविक समय विनियम के आधार पर सुनिश्चित करती है। आरआईएस जलमार्ग प्रचालकों और प्रयोक्ताओं के मध्य सूचना विनिमय को सुकर बनाता है। भ.अ.ज.प्रा. ने भारत में पहली बार रा.ज.–1 पर आरआईएस की स्थापना की उपरोक्त प्रौद्योगिकीय चुनौतीपूर्ण परियोजना प्रारंभ की है। परियोजना को तीन चरणों नामतः हल्दिया– फरक्का (चरण एक), फरक्का–पटना (चरण –दो) और पटना–वाराणसी (चरण–दो) में लागू किया जा रहा है।

भा.अ.ज.प्रा. जलयानों पर आरआईएस उपकरण

चरण–1 में कार्य, 27.3.2014 को उपस्कर की आपूर्ति स्थापना, प्रचालन और अनुरक्षण हेतु उपकरण आपूर्तिकर्ता को प्रदान किया गया। परियोजना में 30 फ्लोटिंग जलयानों, 7 बेस स्टेशनों और 2 नियंत्रण स्टेशनों में आरआईएस प्रणाली हेतु उपकरण की आपूर्ति, स्थापना, प्रारंभ करना सम्मिलित है। वारंटी अवधि के उपरांत

एजेन्सी 3 वर्शों तक प्रचालन और अनुरक्षण तथा बृहद वार्षिक अनुरक्षण संविदा हेतु सेवाएं प्रदान करेगी। वर्ष के दौरान सभी मदें आयात की गई और स्थापना पूर्ण की गई। चरण–2 में निविदाएं जारी की गईं और प्रतिष्ठित एजेन्सियों से पांच बोलियां प्राप्त हुईं और कीमत बोलियां मई 2015 में खोली गई। चरण–3 को 2015–16 में किया जाएगा।

9.8 मानचित्र प्रकोष्ठ

भा.अ.ज.प्रा., मुख्यालय नोएडा का मानचित्र प्रकोष्ठ भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) और सीएआरआईएस, ईआरडीएएस इमेजिन, आटो सीएडी इत्यादि जैसे ईमेज प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर द्वारा डिजिटल चार्ट को तैयार करने के लिए आधुनिक उपकरण और साफ्टवेयर से सुसज्जित है। भा.अ.ज.प्रा. के मानचित्रकार जीआईएस साफ्टवेयर और ईमेज प्रोसेसिंग साफ्टवेयर इत्यादि के प्रयोग के लिए प्रशिक्षित हैं। मानचित्र प्रकोष्ठ में नए पहचान किए गए 101 जलमार्गों को खोजा गया और योजना एवं निविदा आमंत्रित करने की तैयारी हेतु मानचित्र प्रयोगशाला में आधुनिक कंप्यूटर हार्डवेयर और साफ्टवेयर का प्रयोग कर नदी मार्गों को डिजिटलीकृत किया गया। 2014–15 के दौरान सभी जलमार्गों के लिए राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर हैदराबाद के सेटेलाइट डाटा तैयार कर इसे केरिश जीआईएस साफ्टवेयर द्वारा डिजिटल बना दिया गया है। इलेक्ट्रानिक चार्ट को तैयार के लिए लैंडमार्क, सर्वे ऑफ इंडिया की स्थलाकृति विशेषता वाले डिजिटल आंकड़े का संग्रह फिल्ड हाईपैक सर्वे डाटा के साथ–साथ एनआरएससी डाटा के साथ किया गया था।

9.9 सेमिनार / कार्यशालाएं

(i) राष्ट्रीय जलमार्गों पर वाराणसी और अन्य मार्गों के मध्य रेल संपर्क के साथ संभार तंत्र केन्द्र के निर्माण हेतु 19 मार्च, 2015 को भा.अ.ज.प्रा. और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (डीएफसीसीआईएल) के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

(ii) भा.अ.ज.प्रा. ने 20 जनवरी, 2015 को ''ड्रेजिंग इन इनलैंड वाटरवेज एंड शैलो वाटर्स'' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

(iii) भा.अ.ज.प्रा. ने 21 और 22 जनवरी, 2015 को रिमोट सेंसिंग सेंटर, इसरो, हैदराबाद द्वारा आयोजित ''यूजर इंटरनेशनल मिट'' में भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न कार्यों के नियोजन और कार्यान्वयन हेतु सेटेलाइट से चित्रों को बनाना और मुहैया करने का है।

प्रयोक्ता संपर्क बैठक–भागीदार

10. राष्ट्रीय अन्तर्देशीय नौवहन संस्थान (निनी), पटना

राष्ट्रीय अंतर्देशीय नौवहन संस्थान (निनी) की स्थापना भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा.अ.ज.प्रा.) द्वारा फरवरी, 2004 में पटना, बिहार में अंतर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र हेतु मानव संसाधन विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी। निनी, पटना का प्रबंधन और प्रशासन भा.अ.ज.प्रा. की कार्यक्रम सलाहकार समिति के परामर्श से मैसर्स एआरआई प्रा. लि. नई दिल्ली के अधीन है। वर्ष 2014–15 के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:–

क पाठ्यक्रमों के आयोजन के लिए निम्नलिखित गतिविधियां की गई :

प्रारंभिक प्रशिक्षण जीपी रेटिंग कोर्स (21वां और 22वां बैच)

- जेनरल परपस रेटिंग इंडक्शन पाठ्यक्रम के लिए आंतरिक अंतिम परीक्षा (लिखित एवं मौखिक) का संचालन जुलाई, 2014 और जनवरी, 2015 के महीनों में किया गया।
- प्रशिक्षण जलयान सर्वेक्षक और अन्तर्देशीय जलयान प्रशिक्षण सिमुलेटर पर जीपी रेटिंग (आईवी) प्रशिक्षु को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

निम्नलिखित चार डीजी अनुमोदित प्रारंभिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया गया :

- प्रारंभिक प्राथमिक उपचार (ईएफए)
- अग्निशमन और अग्निशामक (एफपीएफएफ)
- व्यक्तिगत उत्तरजीविता तकनीक (पीएसटी)
- व्यक्तिगत सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी (पीएसएसआर)

अन्तर्देशीय जलयान सक्षमता प्रमाणपत्र हेतु प्रारंभिक पाठ्यक्रम

- अन्तर्देशीय जलयान परीक्षा हेतु निम्नलिखित प्रारंभिक पाठ्यक्रम आयोजित किए गए :–
  - सेरांग
  - मास्टर क्लास–।।
  - सेकंड क्लास इंजन ड्राइवर
  - फर्स्ट क्लास इंजन ड्राइवर

बिहार सरकार की ओर से अन्तर्देशीय जलयान परीक्षा का आयोजन

- बिहार सरकार के अन्तर्देशीय जलयान नियम के अनुसार सक्षमता प्रमाणपत्र प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवारों हेतु निम्नलिखित श्रेणियों की परीक्षाएं प्रारंभ की गयी :
  - सेरांग
  - मास्टर क्लास–।।
  - मास्टर क्लास–।
  - सेकंड क्लास इंजन ड्राइवर
  - फर्स्ट क्लास इंजन ड्राइवर
  - अन्तर्देशीय अभियंता

	सेरांग	मास्टर क्लास–II	मास्टर क्लास–I	इंजन ड्राइवर क्लास–II	इंजन ड्राइवर क्लास–I	अभियंता IV
कुल सम्मिलित	20	0	47	48	11	0
उत्तीर्ण	18	0	32	31	4	0
अनुत्तीर्ण	2	0	15	17	7	0

ख. <u>प्रशिक्षण</u>

निनी नियमित आधार पर प्रशिक्षण देता है और सामुद्रिक पत्रिका और राष्ट्रीय समाचार पत्रों में अपने पाठ्यक्रमों का विज्ञापन देता है।

- डेक और इंजन प्रारंभिक रेटिंग पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं की नियुक्ति हेतु भा.अ.ज.प्रा. ने निजी बार्ज प्रचालक के साथ व्यवस्था की है।
- विभिन्न जलयानों पर प्रशिक्षण के लिए भेजे गए प्रशिक्षुओं की प्रशिक्षण रिकॉर्ड पुस्तिका जारी की गई।

- निनी नियुक्ति प्रकोष्ठ द्वारा प्रशिक्षण के लिए भेजे गए प्रशिक्षुओं की छुट्टी, भुगतान और प्रशिक्षण से संबंधित रिकॉर्ड रखता है।
- सीओसी परीक्षा का डाटा और प्रमाणपत्र अनुरक्षित किये जा रहे हैं।

व्यावहारिक प्रशिक्षण

ग. <u>मानव संसाधन</u>

संस्थान ने संस्थान के प्रबंधन हेतु संकाय सदस्य और अनुदेशकों का एक पूल विकसित किया है। संस्थान संकाय सदस्यों को तीन श्रेणियों यथा–नियमित परामर्श संकाय, नियमित विजिटिंग संकाय और आवश्यकता आधारित विजिटिंग संकाय में तैनात करता है।

घ. <u>अंगीभूत और सम्बद्ध</u>

- एबीएस द्वारा आईएसओ 9001:2008 प्रमाणपत्र, जिसे संस्थान के निरीक्षण के उपरांत नवीकृत किया गया।
- निनी ने अ.ज.प. बिहार सरकार के लिए निनी कैम्पस में सक्षमता प्रमाणपत्र (सीओसी) का आयोजन किया।

ड. <u>सेमिनार और सम्मेलन</u>

- निनी, पटना में 22.08.2014 को आईडब्लूटी क्षेत्र में व्यापार संभावना कार्यशाला।
- वाराणसी में सितम्बर, 2014 को आईडब्लूटी क्षेत्र में व्यापार संभावना कार्यशाला।
- नई दिल्ली में 20.1.2015 को ड्रेजिंग संबंधी सेमिनार।
- निनी, पटना में 20.2.2015 को देशी नौका निर्माण संबंधी कार्यशाला।
- निनी, पटना में 13.3.2015 को ड्रेजिंग और ड्रेजर प्रकारों संबंधी कार्यशाला।



महानिदेशक, पोत परिवहन का निरीक्षण

तरणताल शुभारंभ

च. मेरिन सिमुलेटर केन्द्र, निनी

मेरिन सिमुलेटर केन्द्र की स्थापना निनी परिसर में मैसर्स एआरआई प्रा. लि. के सहयोग से मर्चेंट मेरिन अधिकारियों के लिए पाठ्यक्रम आयोजन हेतु की गई है।

मर्चेन्ट मेरिन अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण

- अनुसूची के अनुसार निम्नलिखित पाठ्यक्रम आयोजित किए गए :
    - रडार ऑब्जर्वर सिमुलेटर कोर्स (आरओएससी)
    - ऑटोमेटिक रडार प्लॉटिंग एड (एआरपीए)
    - शिप मैन्यूवेयरिंग सिमुलेटर (एसएमएस)
    - लिक्विड कार्गो हैंडलिंग सिमुलेटर (एलसीएचएस)
    - इलेक्ट्रॉनिक चार्ट डिस्प्ले एण्ड इन्फॉरमेशन सिस्टम (ईसीडीआईएस)
    - ब्रीज टीम मैनेजमेंट

11. भारत–म्यांमार कालादान मल्टीमॉडल पारगमन परिवहन परियोजना

म्यांमार में कालादान मल्टीमॉडल पारगमन परिवहन परियोजना के पत्तन और अ.ज.प. घटक के कार्यान्वयन हेतु विदेश मंत्रालय, भारत सरकार ने भा.अ.ज.प्रा. को परियोजना विकास सलाहकार (पीडीसी) नियुक्त किया है। यह परियोजना विदेश मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित और संचालित है। इस संबंध में विदेश मंत्रालय और भा.अ.ज.प्रा. के बीच 19.3.2009 को हस्ताक्षर किए गए। भा.अ.ज.प्रा. के पर्यवेक्षण में म्यांमार में कार्यान्वित किए जा रहे कार्यों के लिए विदेश मंत्रालय ने मेसर्स एस्सार प्रोजेक्ट्स (इं.) लि. को मुख्य संविदाकार नियुक्त किया है। मैसर्स यूआरएस एस्कॉट विल्सन इंडिया प्रा. लि., गुड़गांव परियोजना के लिए भा.अ.ज.प्रा. का पर्यवेक्षण सलाहकार है। 31 मार्च, 2015 को परियोजना के लिए समग्र रूप से कार्यों की वास्तविक प्रगति लगभग 85 प्रतिशत हुई, जबकि यथा वित्तीय प्रगति लगभग 80 प्रतिशत हुई। कार्यों की वास्तविक प्रगति का विस्तृत ब्यौरा नीचे है :–

<u>सिटवे</u>

- बैकअप सुविधा के लिए भूमि सुधार – 96 प्रतिशत पूरा
- रबरयुक्त डाइक का निर्माण – 90 प्रतिशत पूरा
- पत्तन और अ.ज.प. जेट्टी दोनों के लिए संपर्क जेट्टी – 100 प्रतिशत पूर्ण
- पत्तन और अ.ज.प. दोनों के लिए मुख्य जेट्टी पाइलिंग कार्य – 100 प्रतिशत पूर्ण
- सिटवे में अ.ज.प. और पत्तन जेट्टी के लिए कंक्रीट कार्य – 100 प्रतिशत पूर्ण
- 11 लाख घन मीटर (कुल मात्रा 12.0 लाख घन मीटर) की मात्रा, सिटवे पत्तन क्षेत्र में ड्रेजिंग का 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण।
- बैकअप सुविधा देने वाली संरचना का निर्माण कार्य (पत्तन कार्यालय, अ.ज.प. कार्यालय, भण्डारण क्षेत्र, इलेक्ट्रीकल और जेनरेटर रूम, कैंटीन/विश्राम गृह, इत्यादि) पूरा होने के अग्रिम चरण में है।
- पोत जेट्टी पर 10 टी लेबल लफिंग क्रेन लगाने का कार्य प्रगति पर है और जुलाई, 2015 तक पूरा होने की संभावना है।
- मार्च, 2013 में 300 टन क्षमता वाले 6 बार्जों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है, जोकि अ.ज.प., म्यांमार सरकार द्वारा यंगून में प्रगति पर है। अ.ज.प., म्यांमार सरकार इस काम के लिए उपसंविदाकार है।
- ड्रेन का निर्माण (अतिरिक्त मद) पूरा हो गया है।
- नौवहन सहायताओं की स्थापना प्रगति में है–95 प्रतिशत पूर्ण

<u>पलेतवा</u>

- अ.ज.प. टर्मिनल का निर्माण कार्य अप्रैल, 2013 में प्रारंभ हुआ।
- मिट्टी की खुदाई से सम्बंधित मुख्य काम पूरा हो गया।
- संपर्क जेट्टी लगाने का काम – 100 प्रतिशत पूर्ण।
- मुख्य जेट्टी लगाने का काम – 100 प्रतिशत पूर्ण।
- पलेतवा में अ.ज.प. जेट्टी हेतु कंकरीट कार्य –95 प्रतिशत पूर्ण।
- अ.ज.प. कार्यालय, भण्डारण क्षेत्र, इलेक्ट्रीकल और जेनरेटर रूम, कैंटीन/विश्राम गृह, इत्यादि जैसे बैकअप सुविधा वाले काम प्रगति पर हैं।
- कुल 6 उथले क्षेत्रों में से 4 का ड्रेजिंग कार्य पूरा हो गया और 5वें उथले क्षेत्र का ड्रेजिंग कार्य प्रगति में है। मेसर्स डीडब्ल्यूआईआर,म्यांमार सरकार के सीएसडी ड्रेजर (नदी निकर्षण कार्य के लिए उपसंविदाकार) के साथ कार्य प्रगति में है और 65 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है।

भा.अ.ज.प्रा. ने अपनी पीडीसी की भूमिका में विदेश मंत्रालय, भारत यंगून दूतावास, पोत परिवहन मंत्रालय, उत्तर–पूर्व क्षेत्र विभाग मंत्रालय, म्यांमार सरकार, ठेकेदार और परामर्शदाता जैसे सभी महत्वपूर्ण शेयरधारकों के साथ परियोजना के सुचारू कार्यान्वयन हेतु लगातार समन्वय बनाया।



पलेतवा में अ.ज.प. जेट्टी का निर्माण

12. वर्ष 2014–15 के दौरान कार्गो ढुलाई का ब्यौरा

अंतर्देशीय जल परिवहन को परिवहन के अनुपूरक और विश्वसनीय माध्यम के रूप में कार्य करने के लिए किफायती नौचालन के लिए आवश्यक नौचलनात्मक गहराई, 24X7 नौचालन सुविधाएं, यांत्रिक लदान और ढुलाई सुविधाओं के साथ गारंटी फेयरवे के संबंध में शिपरों में विश्वास निर्माण करने की आवश्यकता है। यद्यपि, भारतीय अंतरर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा.अ.ज.प्रा.) कार्गो जलयानों की सुकर आवाजाही हेतु आवश्यक सभी अवसंरचनात्मक सुविधाएं प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय जलमार्ग 1, 2 और 3 का निरंतर विकास कर रहा है। निरंतर कार्गो आवाजाही हेतु अ.ज.प. बाजार में जलयानों की कमी एक सबसे बड़ी बाधा है। भा.अ.ज.प्रा. के स्वामित्व वाले 7 कार्गो जलयानों में से चार को राष्ट्रीय जलमार्ग–1, 2 और भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग पर या तो बेयरबोट

